संख्या- 34/2017/719**/33-3-2017-81/2017**

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त

उ0प्र0 लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग-**3** लखनऊ दिनांक 19 अप्रैल, **2017**

विषय : "राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस" दिनांक **24** अप्रैल **2017** के आयोजन पर परिवहन व्यवस्था किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक **24** अप्रैल, **2017** को "राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस" का आयोजन डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सभागार, एल.डी.ए. कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ में किया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार योजनान्तर्गत पंचायतों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विभिन्न श्रेणियों में चयनित त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग **3,000** प्रतिभागियों के साथ-साथ अन्य राज्यों एवं प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री जी, मा. मंत्रीगण एवं अधिकारीगणों द्वारा प्रतिभागिता की जायेगी।

अवगत कराना है कि कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों से अलग-अलग संख्या में प्रतिभागियों को जनपद लखनऊ आना है, जिनके सुगम आवागमन हेतु दिनांक **22** अप्रैल, **2017** को प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर परिवहन निगम की अच्छी श्रेणी की एक-एक बस तथा दिनांक **23** एवं **24** अप्रैल, **2017** को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अन्य राज्यों के अतिथिगणों के कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय आवागमन हेतु **12** बडी वातानुकूलित बस, **20** वातानुकूलित मिनी बस तथा **50** इनोवा कार की भी आवश्यकता होगी।

अत: उक्त सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक **23** अप्रैल, **2017** को प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर प्राथमिकता के आधार पर परिवहन निगम की अच्छी श्रेणी की एक-एक बस तथा दिनांक **23** एवं **24** अप्रैल, **2017** को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अतिथिगणों के कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय आवागमन हेतु **12** बडी वातानुकूलित बस, **20** वातानुकूलित मिनी बस तथा **50** इनोवा कार की व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(चंचल कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in

संख्या व दिनांक:- तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उ.प्र. शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. अपर निदेशक(पं.)/कार्यक्रम नोडल अधिकारी, पंचायती राज निदेशालय, उ.प्र.।
6. सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, लखनऊ।
7. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं.), उत्तर प्रदेश।
8. समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने जनपद के जिला परिवहन अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित कर नियत तिथि व समय पर बस की व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in